an>

Title : Need to set up industries in Kanker and Bastar in Chhattisgarh - laid.

श्री मोहन मण्डावी (कांकेर): छत्तीसगढ़ राज्य का बस्तर संभाग में प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा जैसे आयरन और बाक्साइट, कोरण्डम आदि पाये जाते हैं, वनोपज के मामले में बस्तर बहुत ही समृद्ध है, लेकिन यहां के लोग अन्य उद्योग कर रहे हैं । यहां ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकतम आबादी स्थायी निवासी है । जो रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं ।

बस्तर संभाग में खनिज सम्पदा प्रचुर मात्रा में होने के कारण यह धरती तो अमीर है, लेकिन यहां के लोग गरीब है । अगर सरकार लौह अयस्क और वनोपज से आधारित उद्योग धंधे का जिला कांकेर व बस्तर में सु-अवसर प्रदान करती है तो निश्चित ही यहां के स्थानीय निवासियों को अच्छा रोजगार मिलेगा, गरीबी दूर होगी । पलायन रूकेगा । इस क्षेत्र के साथ राज्य का भी विकास होगा । इस क्षेत्र में पर्यटन की भरपूर संभावना भी है ।

अतः मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए कांकेर और बस्तर में अलग-अलग उद्योग धंधे स्थापित कराए जाने की अतिशीघ्र आवश्यकता है ।